Dainik Jagran **Date 27.03.2023**

राहगीरी में लगी बच्चों के लिए पाठशाला

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : रविवार सुबह कनाट प्लेस के इनर सर्किल में राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही पाठशाला लगी। यह कार्यक्रम दिल्ली यातायात पुलिस और राहगीरी फाउंडेशन द्वारा सुबह सात बजे से 10 बजे तक आयोजित किया। कार्यक्रम में यातायात पुलिस के विशेष आयुक्त एसएस यादव, एनडीएमसी की सचिव अंकिता चक्रवर्ती समेत कई अधिकारियों ने भाग लिया।



कनाट प्लेस इलाके में रविवार की सुबह आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे ● सौजन्य : दिल्ली पुलिस

विशेष पुलिस आयुक्त ने सड़कों पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा को बढ़ावा देने और प्रदूषण की जंग में जनता के सहयोग के लिए आयोजित इलेक्ट्रिक बाइक रैली को रवाना किया। यातायात पुलिस की ओर से छात्रों के लिए एक लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। गोल्डन आवर के महत्व पर व्याख्यान और प्राथमिक चिकित्सा पर प्रदर्शन भी किया गया। दिल्ली पुलिस की अन्य इकाइयों ने भी अपने प्रयासों का प्रदर्शन किया। एसपीयूडब्ल्यूएसी के कर्मियों द्वारा आत्मरक्षा तकनीकों पर प्रदर्शन, चतुर्थ बटालियन टीम द्वारा आर्केस्ट्रा प्रदर्शन, अपराध शाखा के डाग स्क्वायड द्वारा डेमो। दोपहिया वाहनों की सुरक्षित सवारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिज्ञा दीवार और एक सेल्फी-स्टैंड भी बनाया गया। स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए साइकिलिंग, स्केटिंग, योग, रस्साकशी और अन्य खेलों जैसी कुछ गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।